हरियाणा सरकार ने 113 परियोजनाओं को स्वीकृति दी

चर्चा में क्यों?

हरियाणा सरकार ने ग्रामीण संवर्धन और महाग्राम योजना **के तहत ₹121 करोड़ से अधिक की 113 नई** परियोजनाओं को लागू करने का निर्णय लिया।

मुख्य बिंदु:

- इन्हें **यमुनानगर, पंचकुला, अंबाला, फरीदाबाद, झज्जर, भिवानी और दादरी** ज़िलों में लागू किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री ने **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली इन परियोजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की।
- महाग्राम योजना के तहत दो परियोजनाओं, ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम के तहत 108 परियोजनाओं और सीवरेज तथा स्वच्छता के तहत तीन परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई।
    - स्वीकृत परियोजनाएँ जल आपूर्ति योजना, सीवरेज सुविधा और सीवेज उपचार संयंत्र के विस्तार, नई ज़िला स्तरीय अपशिष्ट जल परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना एवं नई जल आपूर्ति लाइनें बिछाने से संबंधित हैं।

ग्रामीण संवर्धन एवं महाग्राम योजना

- यह योजना **राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2008-09 में विकास एवं पंचायत विभाग के माध्यम से शुरू की गई थी।**
- इसमें सीवरेज प्रणाली, पेयजल आपूर्ति में सुधार, पक्की सड़कों का निर्माण, विद्युत में सुधार आदि की परिकल्पना की गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-government-approves-113-projects